प्रदीप सिंह खरोला
Pradeep Singh Kharola

सत्यमेव जयते

सचिव
भारत सरकार
नागर विमानन् मंत्रालय
नई दिल्ली-110 003

SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CIVIL AVIATION
NEW DELHI-110 003

अपील

प्रिय साथियों,

आप सब को हिंदी दिवस (14 सितंबर, 2021) की असंख्य शुभकामनाएं। यह अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि हम, अपने देश की आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। आज़ादी के बाद इन 75 वर्षों में, हमने ज्ञान-विज्ञान, तकनीकी, प्रौद्योगिकीय, सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक, स्थलीय, वायवीय, भौतिकीय और परमाण्विक, सभी क्षेत्रों में जिस प्रकार से विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं, उसी प्रकार से यह भी हमारी नैतिक ज़िम्मेदारी है कि सरकारी कामकाज में हम सब मिलकर देश की राजभाषा हिंदी को उसका गौरवपूर्ण स्थान दिलाएं, और सरकारी कामकाज में राजभाषा का प्रयोग करें।

भारतीय भाषाओं की गुंथी हुई माला में मज़बूत धागे के सामान पूरी माला को एक जुट रखने वाली हिंदी हमारी देश की पहचान है। हिंदी ऐसी भाषा है, जो जैसे बोली जाती है, वैसे ही लिखी भी जाती है। आइये इस 14 सितंबर हिंदी दिवस के अवसर पर हम अपने संविधान और संविधान निर्माताओं के सपने को साकार करने के लिए राजभाषा हिंदी को आगे बढ़ाने का संकल्प लें और अपना समस्त सरकारी कार्य, हिंदी में करते हुए देश की कीर्ति पताका को स्वर्णिम आभा से भर दें।

प्रदीप

(प्रदीप सिंह खरोला)

Room No. 293, B-BLOCK, RAJIV GANDHI BHAWAN, SAFDARJUNG AIRPORT, NEW DELHI-110 003
TEL. : 011-24610358, FAX : 011-24602397 E-mail : secy.moca@nic.in